**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 7925 / कार्य-25 / 149 दिनांक 06-8-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— **समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **'जल जीवन मिशन चार साल बाद भी अधूरी : सुरसण्डा में टूटी सड़क और अधूरे निर्माण से ग्रामीण परेशान'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि—

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सुरसण्डा पेयजल योजना, विकास खण्ड सिद्धौर में पाइप लाइन—100 प्रति0, शिरोपरि जलाशय—45 प्रति0, बाउण्ड्रीवाल—100 प्रति0, पम्प हाउस—100 प्रति0 एवं 603 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। वर्तमान में योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खोदे गये रास्ते की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। साथ ही अवगत कराना है कि योजना को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य माह जनवरी, 2027 निर्धारित है। निर्धारित लक्ष्य के अन्दर योजना के समस्त कार्य पूर्ण कराते हुए नियमित रूप से जलापूर्ति कराये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।




भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।
प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4— जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5— मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6— जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7— श्री दीन प्रभाकर, सहा0अभि0।
8— प्रोजेक्ट मैनेजर मै0 पी0एन0सी0।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner